# कार्यालय, अधिष्ठाता
# शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म.प्र.)

E-mail – deanshahdol@gmail.com, Website - WWW.GMCSHAHDOL.ORG, Office No. :- 07652-243000

क्रमांक/4751/स्था./एम.सी./2019 शहडोल, दिनांक 5/10/2019

## //नोटिस //

स्वशासी समिति चिकित्सा महाविद्यालय, शहडोल में पूर्व में निर्धारित चयन प्रक्रिया के आधार पर 100 एम.बी.बी.एस. प्रवेश हेतु एम.सी.आई. के मापदण्ड अनुसार सीनियर रेसीडेंन्ट एवं जूनियर रेसीडेंन्ट के निम्नलिखित रिक्त पदों पर सीमित पदावधि (Tenure) से पदों की पूर्ति हेतु निर्धारित प्रारूप में **वाक इन इंटरव्यू** हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

## सीनियर रेसीडेंन्ट

सीनियर रेसीडेंन्ट, (निश्चित वेतनमान रू. 65,000/- प्रतिमाह)

| S.No. | Subject | Unreserved (UR) | Schedule Tribe (ST) | Schedule Caste (SC) | Other Backward Caste (OBC) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | General Medicine | 01+01F | 1 | 0 | 1 |
| 2 | Pediatrics | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 3 | Tuberculosis & Respiratory Diseases | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 4 | Dermatology | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 5 | Psychiatry | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 6 | General Surgery | 02 | 01 | 01 | 01 |
| 7 | Orthopedics | 00 | 01 | 01 | 01 |
| 8 | Oto-Rhino-Laryngologist | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 9 | Ophthalmology | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 10 | Obstetrics & Gynecology | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 11 | Anesthesiology | 02+01F | 01 | 01 | 01 |
| 12 | Radio-Diagnosis | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 13 | Dentistry | 01 | 00 | 00 | 01 |

क्रमशः पेज 2 पर

# जूनियर रेसीडेंन्ट

जूनियर रेसीडेंन्ट, (निश्चित वेतनमान रू. 45,000/- प्रतिमाह)

| S.No. | Subject | Unreserved (UR) | Schedule Tribe (ST) | Schedule Caste (SC) | Other Backward Caste (OBC) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | General Medicine | 01 | 02 | 02 | 01 |
| 2 | Pediatrics | 00 | 00 | 01 | 01 |
| 3 | Tuberculosis & Respiratory Diseases | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 4 | Dermatology | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 5 | Psychiatry | 01 | 00 | 00 | 00 |
| 6 | General Surgery | 02+01F | 00 | 02 | 02 |
| 7 | Orthopedics | 01+01F | 01 | 01 | 01 |
| 8 | Oto-Rhino-Laryngologist | 02 | 01 | 00 | 01 |
| 9 | Ophthalmology | 00 | 01 | 00 | 01 |
| 10 | Obstetrics & Gynecology | 01 | 01 | 00 | 01 |
| 11 | Anesthesiology | 02 | 02 | 02 | 02 |
| 12 | Radio-Diagnosis | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 13 | Dentistry | 01 | 00 | 00 | 00 |

सीनियर रेसीडेन्ट/जूनियर रेसीडेन्ट पद हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यू नोटिस जारी होने के उपरांत माह के प्रत्येक सोमवार (कार्य दिवस) तक कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुदरी रोड, चौंपा, शहडोल (म.प्र.) पिन- 484001 में डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी उपरांत माह के प्रत्येक बुधवार को कार्यालय अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुदरी रोड, चौंपा,शहडोल (म.प्र.) के कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से साक्षात्कार आयोजित किये जाएगें। साक्षात्कार हेतु आवश्यक अभिलेखों/प्रमाणपत्रों की मूल प्रति तथा अभिप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उम्मीदवार को उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

क्रमशः पेज 3 पर

मध्यप्रदेश शासन के नवीनतम आदेश क्रमांक एफ 4-7/2010/1/55 दिनांक 25.08.10 के प्रावधान के अनुसार सभी स्नातकोत्तर/स्नातक छात्र जिनका चयन क्रमशः सीनियर रेसीडेन्ट /जूनियर रेसीडेंन्ट के पद पर होगा उन्हें ग्रामीण सेवा के बंधपत्र से इस शर्त के साथ मुक्त किया जाएगा कि सेवा छोड़ने की स्थिति में ग्रामीण/अधिसूचित क्षेत्रों में सेवा हेतु किये गये बंधपत्र की शर्तें लागू हो जाएगी और उन्हें निर्धारित अवधि तक ग्रामीण सेवा करनी होगी।

**नोट :-**

1. आरक्षण शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार रहेगा।
2. पदों की रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।
3. उक्त रिक्त पदों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत पद प्रत्येक श्रेणी में आरक्षित है तथा 3 प्रतिशत पद विकलांगों हेतु आरक्षित हैं। महिला उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर उसी संवर्ग के पुरूष उम्मीदवारों से भरी जावेंगी।
4. अगर आरक्षित वर्ग के चिकित्सक नहीं मिलते हैं तो उस स्थिति में सीटें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा वर्ग, अनारक्षित श्रेणी के क्रम से उपलब्ध चिकित्सकों से भरी जा सकेंगी। उक्त परिस्थिति में रिक्तियों की कटौती में परिवर्तन किया जा सकता है।
5. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से अभ्यार्थी साक्षात्कार का पात्र नहीं हो जायेगा।
6. रिक्त पद उपलब्ध होने तक वाक-इन-इन्टरव्यू जारी रहेगा। अतः आवेदन के पूर्व पद की उपलब्धता का पता कार्यालय के स्थापना शाखा से ज्ञात किया जा सकेगा।

**शर्तें :- यह नियुक्ति निम्न शर्तों के अधीन होगी :-**

1. **अवधि :** सीनियर रेसीडेन्ट/जूनियर रेसीडेन्ट की सेवा-अवधि (Tenure) तीन वर्ष की होगी। प्रथमतः 01 वर्ष हेतु नियुक्ति की जावेगी। तत्पश्चात सेवायें संतोषजनक पाये जाने पर 01-01 वर्ष हेतु समय बढ़ाते हुए अधिकतम 3 वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी।
2. **नियुक्ति का तरीका :** योग्य अभ्यर्थियों का चयन एम.बी.बी.एस./एम.डी./एम.एस. सभी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी परीक्षाओं के अंकों एवं साक्षात्कार उपरांत किया जावेगा। नियुक्ति चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा की जावेगी।
3. **शैक्षणिक योग्यता सीनियर रेसीडेन्ट :** सीनियर रेसीडेन्ट की मूल अर्हता साक्षात्कार के समय एम.सी.आई. के वर्तमान/अद्यतन (Latest) मापदण्ड अनुसार रहेगी। जिन चिकित्सकों नें नोटिस निकलने के दिनांक से पिछले पॉच वर्ष के अन्दर एम.डी./एम.एस. परीक्षा उत्तीर्ण किया है वे ही इस पद के लिए आवेदन करने के पात्र होगें। सीनियर रेसीडेन्ट पद पर पदस्थ किसी चिकित्सक को निजी प्रैक्टिस करने की पात्रता नहीं होगी।

**क्रमशः पेज 4 पर**

जिन चिकित्सकों ने म.प्र. के किसी भी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से एम.डी./एम.एस परीक्षा उत्तीर्ण किया है उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। संस्था द्वारा कदाचार के कारण पूर्व में सेवा समाप्त उम्मीदवार को आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी।

4. **शैक्षणिक योग्यता जूनियर रेसीडेन्ट :-**

(क) एम0बी0बी0एस0 पास कर इंटरर्नशिप पूर्ण कर ली हो।

(ख) उक्त चिकित्सकों की इंटरर्नशिप विज्ञापन प्रकाशन के दिनांक से पिछले तीन वर्ष में पूर्ण हुई हो, इसके पूर्व के चिकित्सक चयन हेतु पात्र नहीं होगें।

(ग) निजी प्रेक्टिस की पात्रता नहीं होगी।

5. **यात्रा भत्ता :-** साक्षात्कार के लिए किसी भी अभ्यार्थी को यात्रा भत्ता इस संस्था द्वारा नहीं दिया जावेगा उन्हें स्वयं के व्यय पर यात्रा करना होगा।

**अन्य शर्तें :-**

1. इन चिकित्सकों का प्रत्येक 01 वर्ष में 12 दिवस के आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी तथा सप्ताह में एक दिन अवकाश की पात्रता होगी यह अवकाश संचित नहीं किया जा सकेगा, इन पर रेसीडेंन्ट से संबंधित सभी बातों पर अधिष्ठाता का निर्णय अंतिम होगा।
2. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को तत्संबंध का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त, की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. मध्यप्रदेश के मूल निवासी को ही आरक्षण का लाभ दिया जावेगा।
4. उम्मीदवार को शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. सेवा की अन्य शर्तें नियुक्ति पत्र में दर्शाये अनुसार बंधनकारी होगी।
6. यदि कोई आवेदक किसी संस्था में पूर्व से कार्यरत् है तो उसे आवेदन के समय ही नियोक्ता का अनापत्ति/त्यागपत्र स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. उम्मीदवार को म.प्र. राज्य मेडिकल काउंसिल भोपाल अथवा मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अधिष्ठाता द्वारा सीनियर रेसीडेन्ट की विभागों में संख्या कार्य आवश्यकता अनुसार समय-समय पर परिवर्तित किया जा सकेगा। साक्षात्कार के समय उपरोक्त समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉं प्रस्तुत करनी होगी।
9. सीनियर रेसीडेन्ट हेतु अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष रहेगी।
10. साक्षात्कार के समय उपरोक्त समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी।

5/10/2019

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**शहडोल (म.प्र.)**

**क्रमशः पेज 5 पर**

पृ.क्र. 4751-4767/स्था0/राज./एम.सी./2019 शहडोल, दिनांक 5/10/2019

**प्रतिलिपि :- की ओर वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. अपर मुख्य सचिव म0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. आयुक्त चिकित्सा शिक्षा म0प्र0 भोपाल।
3. आयुक्त, शहडोल संभाग शहडोल एवं अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल (म0प्र0)।
4. संचालक चिकित्सा शिक्षा सतपुड़ा भवन भोपाल।
5. अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज भोपाल/जबलपुर/इन्दौर/ग्वालियर/सागर/रीवा की ओर भेजकर अनुरोध है कि अपने कार्यालयीन नोटिस बोर्ड पर उक्त नोटिस को चस्पा कराने हेतु कष्ट करें।

5/10/2019

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय,**
**शहडोल (म.प्र.)**